# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### जुलाई, 2008 सत्र

### बुधवार, दिनांक 09 जुलाई, 2008

## तारांकित प्रश्नोत्तर

जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभान्वित हितग्राही

1. (*क्र. 162) **डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले में वर्ष 2007-2008 में जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत कितनी माताओं को लाभान्वित किया गया ? (ख) उक्त अवधि में कोटा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कितनी माताओं को 31-5-08 तक जननी सुरक्षा का लाभ दिया गया ? (ग) कोटा विधान सभा क्षेत्र के 31 मई, 2008 तक कितने आवेदन उक्त लाभ प्राप्त करने हेतु लंबित है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) 16006 माताओं को. (ख) 3420 माताओं को. (ग) 1210 आवेदन.

अधोसंरचना मद में स्वीकृत निर्माण कार्यों का संपादन

2. (*क्र. 282) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि नगर पालिका परिषद् बीरगांव एवं तिल्दा को विभिन्न अधोसंरचना मद में वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 के अन्तराल में कितनी-कितनी राशि दी गई ? मदवार ब्यौरा दें ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : नगर पालिका परिषद् बीरगांव एवं तिल्दानेवरा को विभिन्न अधोसंरचना मद में वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 के अंतराल में दी गई राशि की मदवार जानकारी क्रमशः † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं प्रपत्र "ब" पर है.

सारंगढ़ विधान सभा क्षेत्र में खोदे गए बोर

3. (*क्र. 257) **सुश्री कामदा जोल्हे :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जिला सारंगढ़ के सारंगढ़ विकासखण्ड में सन् 2006-07 में कितने बोरिंग एवं बोर की खुदाई की गई ? कृपया ग्रामवार बतावें ? 2007-08 में कितने बोरिंग एवं बोर कहां-कहां पर खोदे गये ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : जिला रायगढ़ के सारंगढ़ विकासखण्ड में सन् 2006-07 में कुल 131 नग बोर खुदाई की गई है. विवरण पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "अ" अनुसार. सन् 2007-08 में कुल 78 नग बोर खुदाई की गई. विवरण पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "ब" अनुसार.

नसबंदी पश्चात् गर्भवती होने की प्राप्त शिकायतें

4. (*क्र. 134) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में 18-06-2008 तक रायगढ़ जिले में नसबंदी आपरेशन के बाद भी गर्भवती होने की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है ? शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : उक्त अवधि की एक भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

---

† परिशिष्ट "एक"

बिलासपुर जिले में संपूर्ण स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत शौचालय निर्माण

5. ( *क्र. 84) **श्री चुरावन मंगेशकर** : क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) संपूर्ण स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2006-2007 एवं 2007-2008 में बिलासपुर जिले में शौचालय निर्माण हेतु कब-कब, कितनी-कितनी राशि उपलब्ध कराई गई. (ख) जिले में किन-किन ग्रामों को निर्मल ग्राम घोषित किया गया है ? ग्रामवार शौचालय की संख्या क्या है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप) : (क) संपूर्ण स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2007-08 एवं 2007-08 में बिलासपुर जिले में शौचालय निर्माण हेतु जारी राशि का विवरण निम्नानुसार है :—

| क्रमांक | वर्ष | दिनांक | आवंटन | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | केन्द्रांश (रु. लाखों में) | राज्यांश (रु. लाखों में) | कुल (रु. लाखों में) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | 2006-07 | 20-10-06 | 645.35 | - | 645.35 |
| | | 23-03-07 | - | 170.90 | 170.90 |
| 2. | 2007-08 | 16-01-08 | - | 204.00 | 204.00 |
| | | 21-01-08 | 1132.88 | - | 1132.88 |
| | | कुल | **1778.23** | **374.90** | **2153.13** |

(ख) निर्मल ग्राम की घोषणा हेतु इकाई ग्राम पंचायत है ग्राम नहीं. प्रश्नाधीन अवधि में 22 ग्राम पंचायतों को निर्मल ग्राम पंचायत घोषित किया गया है. ग्राम पंचायतवार शौचालयों की संख्या † संलग्न परिशिष्ट अनुसार.

मेडिकल उपकरण खरीदी की जांच में दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही

6. ( *क्र. 221) **डॉ. शक्राजीत नायक** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष 2007 एवं 2008 में प्रदेश स्तर में किन-किन फर्मों से कितने-कितने के, किस-किस दर पर कौन-कौन से मेडिकल उपकरण खरीदे गये ? भुगतान की अद्यतन स्थिति क्या है ? (ख) उक्त खरीदी से संबंधित शिकायतों की जांच रिपोर्ट के आधार पर कौन-कौन, किस-किस कार्य के लिये दोषी है ? इनके विरुद्ध किस-किस थाना में, कब-कब एफ. आई. आर. दर्ज किया गया ? (ग) पुलिस विवेचना में कौन-कौन अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल) : (क) वर्ष 2007 में कोई क्रय नहीं किया गया तथा 2008 में प्रदेश स्तर से मेसर्स बागड़ी इंटरप्राईजेस, रायपुर से रु. 5,54,000/- का 5,54,000/- की दर से 1 सर्जिकल माईक्रोस्कोप आप्थलिल्मक खरीदा गया है. सम्पूर्ण राशि का भुगतान किया जा चुका है. (ख) उक्त खरीदी में किसी प्रकार की शिकायत नहीं पाई गई है. प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

रायपुर जिले के ग्राम पंचायतों का नगर पंचायत में उन्नयन

7. ( *क्र. 60) **डॉ. हरिदास भारद्वाज** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिला अंतर्गत कितनी नगर पंचायतें हैं ? नाम सहित बतायें ? 31 मई, 2008 की स्थिति में किन-किन ग्राम पंचायतों को नगर पंचायतों में उन्नयन करने की घोषणा की गई है ? (ख) उक्त की गई घोषणाओं के ग्राम पंचायत का कब तक नगर पंचायत के रूप में उन्नयन हो जावेगा ? (ग) क्या ग्राम पंचायत खरसींवा पूर्व में नगर पंचायत के लिये प्रस्तावित था ? क्या इसे भी नगर पंचायत बनाया जावेगा ? यदि हां, तो कब तक ?

† परिशिष्ट "दो"

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : ( क ) रायपुर जिला अंतर्गत कुल 9 नगर पंचायतें हैं जिनका नाम क्रमशः आरंग, सिमगा, भटगांव, अभनपुर, खरोरा, लवन, राजिम, कसडोल एवं पलारी है. दिनांक 31-05-2008 तक रायपुर जिले में ग्राम पंचायत, गरियाबंद, फिंगेश्वर, दुण्डरा एवं बिलाईगढ़ को नगर पंचायत के रूप में उन्नयन करने की घोषणा की गई थी. ( ख ) समय-सीमा बताना संभव नहीं. ( ग ) जी हां. नगर पंचायत बनाने संबंधी प्रस्ताव विचाराधीन है. समय-सीमा बताना संभव नहीं.

जिला राजनांदगांव में संपूर्ण स्वच्छता अभियान अंतर्गत शौचालय निर्माण हेतु प्रदत्त राशि

8. ( *क्र. 112 ) **श्री उदय मुदलियार :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि राजनांदगांव जिले में राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 11वें एवं 12वें वित्त आयोग से संपूर्ण ग्रामीण स्वच्छता अभियान के तहत् वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में कितने लोगों को शौचालय निर्माण हेतु कितनी-कितनी राशि प्रदान की गई ? कितने शौचालय पूर्ण किए गए एवं कितने अपूर्ण है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप ) : जिला पंचायत से जानकारी एकत्रित की जा रही है.

नगर निगम, रायपुर द्वारा रायपुर शहर में वृक्षारोपण पर व्यय राशि

9. ( *क्र. 237 ) **श्री भूपेश बघेल :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) वर्ष 2005-06, वर्ष 2006-07 एवं वर्ष 2007-08 में रायपुर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में कितनी-कितनी संख्या में पौधों का वृक्षारोपण किया गया है और इस वृक्षारोपण के लिए कितनी-कितनी राशि खर्च हुई है ? वर्षवार जानकारी देवें. ( ख ) वृक्षारोपण के लिए किस संस्था को जिम्मेदारी दी गई थी ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : ( क ) वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में रायपुर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में पौधों के वृक्षारोपण एवं किये गये खर्च राशि की वर्षवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है. ( ख ) नगर निगम, रायपुर.

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थिति

10. ( *क्र. 26 ) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं ? विकासखण्डवार पृथक-पृथक बतायें ? ( ख ) उक्त केन्द्रों में स्वीकृत पद एवं कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों की संख्या केन्द्रवार पृथक-पृथक कितनी-कितनी है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : ( क ) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 01, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 06 संचालित है तथा उप प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नाम से कोई संस्था नहीं है. विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्रमांक | विकासखण्ड का नाम | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र |
|---|---|---|---|
| 1. | नवागढ़ | निरंक | 03 |
| 2. | पामगढ़ | 01 | 02 |
| 3. | बम्हनीडीह | निरंक | 01 |
| | कुल | 01 | 6 |

( ख ) †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार.

† परिशिष्ट "तीन" †† परिशिष्ट "चार"

एफ. एल. 3 होटल बार अनुज्ञप्ति हेतु नियम एवं शर्तें

11. ( *क्र. 250) **डॉ. चेतन वर्मा :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में 01 अप्रैल, 2007 से 31 अक्टूबर 2007 तक किन-किन व्यक्ति/होटल एवं फर्म को एफ. एल. 3 होटल बार अनुज्ञप्ति प्रदान किया गया है ? पूर्ण पते सहित विवरण देवें ? (ख) प्रश्नांश (क) अंतर्गत एफ. एल. 3 होटल बार अनुज्ञप्ति दिये जाने हेतु क्या-क्या नियम व शर्तें हैं ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. | नाम आवेदक जिसे लायसेंस स्वीकृत किया गया | होटल का नाम एवं लायसेंस का स्थान | अनुज्ञप्ति जारी करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री मुरली मल्लाह आ. श्री सुकट मल्लाह निवासी-ग्रा. पो.-पथरिया, विकासखण्ड-धमधा, जिला-दुर्ग. | होटल पामबीच, पथरिया, जिला-दुर्ग. | 03-04-2007 |
| 2. | श्री पप्पू सिंह आ. श्री नागेश सिंह, निवासी-बठेना वार्ड तह. एवं जिला-धमतरी. | होटल शीतल, बेमेतरा, जिला-दुर्ग. | 02-07-2007 |

(ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है.

धमधा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत नल-जल योजना

12. ( *क्र. 171) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) धमधा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत किन-किन ग्रामों में नल-जल योजना स्वीकृत है ? (ख) वर्तमान में कितनी नल-जल योजनायें संचालित हैं ? कितनी निर्माणाधीन है ? ग्रामवार जानकारी देवें ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) धमधा विधान सभा क्षेत्र में 29 ग्रामों में नल-जल योजनायें स्वीकृत है. विवरण †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) वर्तमान में 26 नल-जल योजना संचालित है. 03 ग्रामों की योजनायें निर्माणाधीन है. विवरण †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार.

शहरी नवीनीकरण मिशन के अंतर्गत मकान निर्माण हेतु जारी निविदा

13. ( *क्र. 150) **मोहम्मद अकबर :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर और बिलासपुर में जवाहरलाल नेहरू, राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन (बी. एस. यू. पी.) के तहत बनाए जाने वाले मकानों का ठेका किसको-किसको, कितने-कितने का दिया गया है ? निविदा की शर्तें एवं निर्माण अवधि क्या हैं ? (ख) उक्त कार्य हेतु डी. पी. आर. किसके द्वारा, किस आधार पर मंजूर किया गया ? कन्सलटेंट एवं निविदाकारों के लिए अर्हताएं क्या थी ? अर्हताएं पूर्ण एवं अपूर्ण करने वाले कौन-कौन निविदाकार थे ? (ग) उक्त कार्यों हेतु निर्माण एवं भुगतान की अद्यतन स्थिति क्या हैं ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) जेएनएनयूआरएम की बीएसयूपी योजना अंतर्गत बनाये जाने वाले मकानों का ठेका एचपीएल (भारत शासन का उपक्रम) द्वारा निम्नानुसार दिया गया है :—

(अ) रायपुर

1. मेसर्स लूक ईस्ट निर्माण प्रा. लि., नई दिल्ली रु. 172.76 करोड़
2. विजेता कंस्ट्रक्शन क्रं. रायपुर को रु. 123.40 करोड़

† परिशिष्ट "पांच"

†† परिशिष्ट "छः"

**( ब ) बिलासपुर**

1. मेसर्स बाबा कन्स्ट्रक्शन गाजियाबाद को रु. 25.72 करोड़.

निविदा की शर्तें पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में है. उक्त निर्माण की अवधि निविदा अनुसार 18 माह है. (ख) उक्त कार्यों हेतु डीपीआर नगर निगम रायपुर एवं बिलासपुर द्वारा बीएसयूपी एवं आईएचएसडीपी गाईड लाईन अनुसार मंजूर किया गया है.

( अ ) **रायपुर** नगर निगम हेतु कन्सलटेंट के लिये मुख्य अर्हताएं निम्नानुसार थीं :—

1. कन्सलटेंट प्रतिष्ठित एवं स्थानीय होना चाहिए.
2. कन्सलटेंट की निर्धारित योग्यता डिग्री/प्रोस्ट ग्रेजुएट इन आर्किटेक्चरल इंडिया अथवा विदेश का हो जिन्हें न्यूनतम 10 वर्ष का आर्किटेक्चर कार्य, शासकीय/अर्धशासकीय विभाग की योजनाओं के डिजाईन, लेंड स्केपिंग, पब्लिक यूटिलिटी एवं व्यवसायिक भवन निर्माण का अनुभव हो.

**अर्हता पूर्ण एवं अपूर्ण करने वाले कन्सलटेंट निम्नानुसार है :—**

| क्र. | अर्हता पूर्ण कन्सलटेंट | | अर्हता अपूर्ण कन्सलटेंट |
|---|---|---|---|
| 1. | संदीप श्रीवास्तव, वास्तुविद रायपुर | 1. | सृष्टि डिजाईनर, पुणे |
| 2. | जयप्रकाश केशवानी, वास्तुविद रायपुर | 2. | डी. के. एसोसिएट्स, भोपाल |
| 3. | राजहंस एण्ड एसोसिएट्स, भिलाई | 3. | ए. एस. ऐसोसिएट्स, रायपुर |
| 4. | भारती एण्ड एसोसिएट्स, रायपुर | 4. | डिजाईन स्टूडियो, रायपुर |
| 5. | राव एण्ड खान एसोसिएट्स, रायपुर | 5. | विनीत गुप्ता वास्तुविद, रायपुर |
| 6. | पिल्लेवार एण्ड एसोसिएट्स, रायपुर | | |
| 7. | काल-मी सर्विसेस, रायपुर | | |
| 8. | एन एण्ड आर एसोसिएट्स, (सौरभ रहटगांवकर) रायपुर. | | |
| 9. | निर्माण इंडिया कन्सलटेंट, रायपुर (मनोज साहू) | | |
| 10. | आरसानस् (अजय कटारिया), रायपुर | | |
| 11. | आनंद खाडिया, वास्तुविद रायपुर | | |
| 12. | नीरज श्रीवास्तव, वास्तुविद रायपुर | | |
| 13. | राज प्रजापति, वास्तुविद रायपुर | | |
| 14. | बिल्डक्राफ्ट (जाकिर खान) रायपुर | | |
| 15. | नवीन शर्मा वास्तुविद, रायपुर | | |
| 16. | डाट इंडिया प्रायवेट लिमिटेड, नई दिल्ली | | |

( ब ) **बिलासपुर** नगर निगम हेतु कन्सलटेंटों के चयन हेतु मुख्य अर्हता निम्नानुसार थी :—

1. कन्सलटेंट की निर्धारित योग्यता प्रोफेशनल अनुभवी आर्किटेक्चरल/सिविल इंजीनियर कन्सलटेंट जिसे कम से कम एक आईडीएसएमटी परियोजना तैयार करने, प्रेजेन्ट करने एवं एप्राईजल करने का अनुभव हो और जो परियोजना भारत शासन के टीसीपीओ विभाग द्वारा स्वीकृत की गयी हो.

**अर्हता पूर्ण एवं अपूर्ण करने वाले कन्सलटेंट निम्नानुसार है :—**

| क्र. | अर्हता पूर्ण कन्सलटेंट | अर्हता अपूर्ण कन्सलटेंट |
|---|---|---|
| 1. | श्री मनोज साहू, निर्माण इंडिया, रायपुर | निरंक |
| 2. | मेसर्स पिल्लीवार एण्ड एसोसिएट्स, रायपुर | |

(ग) उक्त कार्यों हेतु निर्माण स्थिति निम्नानुसार है :—

| निकाय | प्रस्तावित निर्माण | स्थल जहां कार्य प्रगति पर है | भुगतान की स्थिति |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 2500 | 1. दलदलसिवनी<br>2. स्मेरा कन्ट्रक्शन साईट<br>3. हीरापुर<br>4. मठपुरैना | निरंक |
| बिलासपुर | 500 | 1. हर सिंगार वेयर हाउस के पास | निरंक |

स्वास्थ्य पुराण कार्यक्रम हेतु भुगतान में हुई अनियमितताएं

14. (*क्र. 125) **श्री धनेन्द्र साहू :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में स्वास्थ्य पुराण कार्यक्रम के तहत कला जत्थाओं की किस-किस संस्था के भुगतान में कौन-कौन सी अनियमितताएं कितनी-कितनी राशि की पाई गई ? (ख) किस-किस अधिकारी को दोषी पाया गया तथा उनके विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) प्रकरण की विवेचना विचाराधीन है.

शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में व्याख्याता/सहायक प्राध्यापकों के स्वीकृत/रिक्त पद

15. (*क्र. 207) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में व्याख्याता/सहायक प्राध्यापकों के कितने पद स्वीकृत हैं ? स्वीकृत पदों के विरुद्ध वर्तमान में कितने पद रिक्त हैं ? (ख) वर्तमान में प्रदेश के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में कितने व्याख्याता/सहायक प्राध्यापक संविदा नियुक्ति पर कार्यरत हैं ?

**राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) प्रदेश के शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक का पद नाम नहीं है. वर्तमान में 03 इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में व्याख्याता के स्वीकृत एवं रिक्त पदों की स्थिति निम्नानुसार है :—

| क्र.<br>(1) | संस्था का नाम<br>(2) | स्वीकृत पद<br>(3) | रिक्त पद<br>(4) |
|---|---|---|---|
| 1. | नवीन शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, रायपुर | 34 | 14 |
| 2. | शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, बिलासपुर | 48 | 25 |
| 3. | शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर | 25 | 17 |
| | योग | 107 | 56 |

(ख) शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में निम्नानुसार संविदा व्याख्याता कार्यरत हैं —

| क्र.<br>(1) | संस्था का नाम<br>(2) | कार्यरत संविदा व्याख्याता<br>(3) |
|---|---|---|
| 1. | नवीन शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, रायपुर | 18 |
| 2. | शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, बिलासपुर | 18 |
| 3. | शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर | 07 |
| | योग | 43 |

† परिशिष्ट "सात"

बिल्हा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत हैण्डपंप स्थापना की जानकारी

16. ( *क्र. 52) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2008 में बिल्हा बाबत विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत किन-किन ग्रामों में कितने हैण्डपंप स्थापित किये गये हैं ? (ख) हैण्डपंप की स्थापना बाबत शासन द्वारा बिलासपुर जिले को कितना-कितना आवंटन गत वर्ष एवं चालू वर्ष में दिया गया है ? (ग) विधायक बिल्हा द्वारा वर्ष 2008 में अनुशंसित कितने हैण्डपंप, कौन-कौन से ग्रामों में स्थापित किये गये तथा कितने लंबित हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) 20 ग्रामों में 25 हैण्डपंप स्थापित किये गये हैं. ग्रामवार सूची † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार. (ख) हैण्डपंप की स्थापना बाबत शासन द्वारा बिलासपुर जिले को गत वर्ष 2007-08 में रु. 85.00 लाख एवं चालू वर्ष 2008-09 में रु. 31.00 लाख दिया गया है ? (ग) विधायक बिल्हा द्वारा वर्ष 2008 में अनुशंसित 25 ग्रामों में से 06 ग्रामों में हैण्डपंप स्थापित शेष 19 ग्रामों में हैण्डपंप स्थापना का कार्य शेष है. ग्रामवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार.

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण अधिकारियों की भर्ती में अनियमितता

17. ( *क्र. 153) **श्री रविन्द्र चौबे** [डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी] : क्या राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण अधिकारियों के स्वीकृत/भरे/रिक्त पदों की संख्या कितनी-कितनी है ? (ख) क्या यह सही है कि प्रशिक्षण अधिकारियों के रिक्त पदों के विरुद्ध मेहमान प्रवक्ता संविदा आधार पर नियुक्त किया गया है ? यदि हां, तो वर्तमान में संविदा पर कितने मेहमान प्रवक्ता कार्यरत हैं ? (ग) विगत वर्ष कितने मेहमान प्रवक्ता को संविदा भर्ती के द्वारा नियुक्त किया गया है ? तथा उक्त भर्ती में अनियमितता के संबंध में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई ? शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

**राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण अधिकारियों के स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पदों की जानकारी निम्नानुसार है :-

| स्वीकृत पद संख्या | भरे पद संख्या | रिक्त पद संख्या |
|---|---|---|
| 1216 | 260 | 956<br>(इन रिक्त पदों के विरुद्ध 85 संविदा प्रशिक्षण अधिकारी तथा 263 मेहमान प्रवक्ता कार्यरत हैं तथा संस्थाओं में अगस्त-2008, फरवरी-2009 एवं अगस्त-2009 से प्रारंभ होने वाले व्यवसायों हेतु क्रमशः स्वीकृत पद-36, 64, 44 तथा अंग्रेजी भाषा के स्वीकृत 81 पद इस प्रकार कुल 225 पद भी सम्मिलित हैं.) |

(ख) जी नहीं. प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) विगत वर्ष 35 मेहमान प्रवक्ताओं को संविदा भर्ती के द्वारा संविदा पर नियुक्त किया गया है. उक्त भर्ती में अनियमितता के संबंध में 04 शिकायतें प्राप्त हुई. शिकायतों पर जांच की कार्यवाही प्रचलन में है.

गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों का सर्वेक्षण

18. ( *क्र. 85) **श्री चुरावन मंगेशकर :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले की मुंगेली नगर पालिका में कितने परिवारों को 3.00 रु. प्रति किलो चावल प्रदाय वाला राशन कार्ड जारी किया गया है ? (ख) वर्ष 2007-2008 में दिनांक 15-06-2008 तक की स्थिति में कितने नये परिवारों को गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवार के रूप में सर्वेक्षण किया गया है ? इन्हें राशन कार्ड कब तक दिया जायेगा ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) नगर पालिका मुंगेली में 2299 परिवारों को 3.00 रु. प्रति किलो चावल प्रदाय वाला राशन कार्ड जारी किया गया है. (ख) 3421 नये परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवार का सर्वेक्षण किया गया. खाद्य नियंत्रक बिलासपुर के द्वारा राशन कार्ड तैयार की जा रही है, प्राप्त होने पर माह जुलाई में वितरण किया जायेगा.

---

† परिशिष्ट "आठ"

प्रदेश में मलेरिया, आंत्रशोथ एवं पीलिया से हुई मौतें

19. ( *क्र. 61) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ प्रदेश में 1 जनवरी, 2007 से 31 मई, 2008 तक मलेरिया, आंत्रशोथ एवं पीलिया से कितने लोगों की मौत हो गई ? जिलेवार बतायें ? (ख) उक्त समयावधि में मलेरिया परीक्षण हेतु कितनी रक्त पट्टिकाएं ली गयी तथा कितने पाजीटिव पाये गये ? जिलेवार अलग-अलग बतायें ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल) : (क) मलेरिया से निरंक, आंत्रशोथ से 144 तथा पीलिया से 5 मौतें. जिलेवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" पर है. (ख) कुल 4348878 रक्त पट्टिकाएं ली गई व 196090 पाजेटिव्ह पाये गये. जिलेवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" पर है.

स्वास्थ्य विभाग में नौकरी संबंधी फर्जी आदेश जारी होने के संबंध में

20. ( *क्र. 238) **श्री भूपेश बघेल :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या मई 2008 में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत रायपुर के सी. एम. ओ. दफ्तर के फर्जी सील लगाकर लिपिक श्रेणी के फर्जी नौकरी संबंधी आदेश जारी किये गये हैं ? यदि हां, तो दोषियों पर कार्यवाही की गई है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल) : जी हां. फर्जी सील का उपयोग कर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 21 व्यक्तियों के आदेश जारी किये गये हैं. डॉ. शैली पाण्डे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर द्वारा दिनांक 20-05-2008 को गोल बाजार थाने में प्रकरण दर्ज करने हेतु लिखा गया, तद्नुसार गोल बाजार थाना द्वारा प्रकरण क्रमांक 204/08, दिनांक 27-06-2008 को प्राथमिकी दर्ज की गई है, विवेचना जारी है.

रायपुर नगर में संचालित महाविद्यालय

21. ( *क्र. 27) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर नगर में कुल कितने शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय संचालित हैं ? पृथक-पृथक बतायें ? स्नातक एवं स्नातकोत्तर की स्थिति भी बतायें ? (ख) रायपुर नगर में संचालित कितने शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर संस्कृत विषय का अध्ययन अध्यापन होता है ? नाम सहित बतायें ?

**राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) रायपुर नगर में कुल 06 शासकीय एवं 36 अशासकीय महाविद्यालय है. स्नातक स्तर के 38 महाविद्यालय एवं 04 स्नातकोत्तर स्तर के हैं. (ख) रायपुर नगर में 02 शासकीय, अशासकीय में निरंक महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर संस्कृत विषय का अध्ययन-अध्यापन होता है, जो निम्न है :—

(1) शासकीय दू. ब. श्री वैष्णव स्नातकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय, रायपुर.
(2) शासकीय दू. ब. महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रायपुर.

मोबाइल फोन कम्पनी के वैध/अवैध टावर

22. ( *क्र. 151) **मोहम्मद अकबर :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नगर निगम सीमा क्षेत्र रायपुर में किस-किस मोबाइल फोन कंपनी के टॉवर कहां-कहां, कब से, किस-किस भवन में अनुमति/बिना अनुमति स्थापित है ? (ख) क्या टॉवर स्थापित करने हेतु नगर निगम द्वारा अनुमति प्रदान की गई है ? यदि हां, तो किसको-किसको, कब-कब अनुमति दी गई ? (ग) अवैध रूप से स्थापित टॉवरों के विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल) : (क) नगर पालिक निगम क्षेत्र रायपुर में अनुमति/बिना अनुमति के स्थापित टॉवरों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-1 में है. (ख) नगर पालिक निगम रायपुर से अनुमति प्राप्त टॉवरों की जानकारी मय स्वीकृति दिनांक

† परिशिष्ट "नौ"

पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-2 में है. (ग) अवैध रूप से स्थापित टॉवरों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई, जो अभी संज्ञान में आए हैं उनके खिलाफ कार्यवाही की जा रही है.

गोबरा नवापारा में स्वीकृत पेयजल योजना की स्थिति

23. (*क्र. 126) **श्री धनेन्द्र साहू :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले की गोबरा नवापारा नगर पालिका में पेयजल योजना की स्वीकृति कब और कितनी राशि की हुई थी ? (ख) वर्तमान में कौन-कौन से कार्य शेष हैं ? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण किए जावेंगे ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) रायपुर जिले की गोबरा नवापारा नगर पालिका में पेयजल योजना की स्वीकृति दिनांक 04-02-1997 को रु. 200.00 लाख की हुई थी. (ख) गोबरा नवापारा आवर्धन जलप्रदाय योजना के अंतर्गत स्वीकृत योजना के अनुसार मात्र सी. आई. राईजिंग मेन का कार्य शेष है किन्तु पारागांव में पर्याप्त सुरक्षित पेयजल स्रोत प्राप्त नहीं होने से यह कार्य नहीं किया जाना है. अतः कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा, यह प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है.

भारत निर्माण योजनान्तर्गत शुद्ध पेयजल व्यवस्था हेतु प्रदत्त एवं व्यय राशि

24. (*क्र. 208) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) भारत निर्माण योजना के अंतर्गत वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु कितनी राशि उपलब्ध कराई गयी ? (ख) उक्त राशि में से कितनी राशि व्यय हुई एवं कितने ग्रामों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया गया ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

----------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 02 (क्र. 282) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ "

नगर पालिका बीरगांव

(राशि लाखों में)

| क्र. (1) | मद का नाम (2) | कार्य विवरण (3) | प्रदाय की गई राशि (4) |
|---|---|---|---|
| | | **वित्तीय वर्ष 2006-07 में प्रदत्त राशि की जानकारी** | |
| 1. | अधोसंरचना मद | अधोसंरचना मद अंतर्गत सड़क, नाली, पेयजल, विद्युत एवं अन्य कार्य. | 12.50 |
| 2. | अधोसंरचना मद | गौरव पथ | 43.40 |
| 3. | अधोसंरचना मद | नाली निर्माण | 23.13 |
| 4. | अधोसंरचना मद | अधोसंरचना विकास हेतु सड़क, नाली, पेयजल, विद्युत एवं अन्य कार्य. | 10.00 |
| 5. | अधोसंरचना मद | पेयजल संकट निवारण हेतु | 10.00 |
| 6. | अधोसंरचना मद | अधोसंरचना विकास हेतु सड़क, नाली, पेयजल, विद्युत एवं अन्य कार्य. | 7.50 |
| | | योग | **106.53** |
| | | **वित्तीय वर्ष 2007-08 में प्रदत्त राशि की जानकारी** | |
| 1. | अधोसंरचना मद | अधोसंरचना विकास हेतु सड़क, नाली, पेयजल, विद्युत एवं अन्य कार्य की अंतिम किश्त. | 12.50 |
| 2. | अधोसंरचना मद | पार्षद निधि | 34.00 |
| 3. | अधोसंरचना मद | अधोसंरचना विकास हेतु सड़क, नाली, पेयजल, विद्युत एवं अन्य कार्य की अंतिम किश्त. | 22.50 |
| 4. | अधोसंरचना मद | आशा किरण भवन हेतु | 2.00 |
| 5. | अधोसंरचना मद | सीवर सक्शन मशीन (3000 लीटर 1 नग) | 5.31 |
| 6. | अधोसंरचना मद | जनसमस्या निवारण हेतु | 10.00 |
| 7. | अधोसंरचना मद | पेयजल संकट पाईप लाईन विस्तार हेतु | 50.00 |
| 8. | अधोसंरचना मद | नाली निर्माण की द्वितीय किश्त | 21.74 |
| 9. | अधोसंरचना मद | रोड स्वीपिंग मशीन | 50.00 |
| 10. | अधोसंरचना मद | गौरव पथ निर्माण (द्वितीय किश्त) | 40.80 |
| | | योग | **248.85** |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 05 (क्र. 84) के भाग (ख) की जानकारी ]

### वर्ष 2006-07 में पुरस्कृत निर्मल ग्राम पंचायतों की सूची

| क्रमांक | विकासखण्ड | निर्मल ग्राम पंचायत | घरेलू शौचालय का लक्ष्य | | निर्मित घरेलू शौचालय | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | एपीएल | बीपीएल | एपीएल | बीपीएल |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | तखतपुर | बहतराई | 367 | 90 | 367 | 90 |
| 2. | | हांफा | 51 | 195 | 51 | 195 |
| 3. | | जोंकी | 160 | 56 | 160 | 56 |
| 4. | | काठाकोनी | 195 | 13 | 195 | 13 |
| 5. | | पोंडी | 170 | 74 | 170 | 74 |
| 6. | बिल्हा | भरवीडीह | 73 | 227 | 73 | 227 |
| 7. | | उरतुम | 95 | 154 | 95 | 154 |
| 8. | | सेंदरी | 142 | 464 | 142 | 464 |
| 9. | | मटियारी | 275 | 386 | 275 | 386 |
| 10. | | लोफंदी | 50 | 281 | 50 | 281 |
| 11. | | डगनिया | 31 | 286 | 31 | 286 |
| 12. | | परसाही | 72 | 150 | 72 | 150 |
| 13. | | सरवनदेवरी | 26 | 151 | 26 | 151 |
| 14. | | पेण्डरवा | 15 | 272 | 15 | 272 |
| 15. | | खैरा (ड) | 72 | 245 | 72 | 245 |
| 16. | | बिजौर | 132 | 141 | 132 | 141 |
| 17. | मुंगेली | झझपुरीखुर्द | 248 | 116 | 248 | 116 |
| 18. | | कोसमा | 271 | 111 | 271 | 111 |
| 19. | | संगुवाकापा | 208 | 73 | 208 | 73 |
| 20. | कोटा | सेमरिया | 112 | 131 | 112 | 131 |
| 21. | | खैरा | 177 | 69 | 177 | 69 |
| 22. | मस्तूरी | दर्रीघाट | 176 | 54 | 176 | 54 |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 09 (क्र. 237) के भाग (क) की जानकारी ]

**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ. ग.)**

**पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग**

| क्र. (1) | वृक्षारोपण स्थल का नाम (2) | रोपित पौधों की संख्या (3) | व्यय राशि (4) |
|---|---|---|---|
| | | **वर्ष 2005-2006** | |
| 1. | आमापारा तालाब | 1200 | |
| 2. | गोंदवारा | 2500 | |
| 3. | मोहबा बाजार | 1000 | |
| 4. | कबीरनगर कालोनी | 1500 | |
| 5. | अशोक नगर | 1000 | |
| 6. | महादेव घाट | 14600 | |
| 7. | राजीव नगर | 2000 | |
| 8. | जेल परिसर एवं किनारे | 2100 | |
| 9. | मठपुरैना | 1000 | |
| 10. | रायपुरा | 2000 | |
| 11. | मल्साय तालाब पार | 1000 | |
| 12. | चंगोरा भाठा | 1700 | |
| 13. | श्यामनगर | 1100 | |
| 14. | भाटागांव | 300 | |
| 15. | विभिन्न स्थानों पर | 1000 | |
| | **कुल** | **34000** | **2070000.00** |
| | | **वर्ष 2006-2007** | |
| 1. | भाटागांव स्कूल/तालाब | 385 | |
| 2. | मठपुरैना स्कूल परिसर | 260 | |
| 3. | श्यामनगर स्कूल परिसर | 140 | |
| 4. | संतोषीनगर स्कूल परिसर | 65 | |
| 5. | चंगोराभाठा स्कूल/तालाब | 500 | |
| 6. | अटारी स्कूल परिसर | 745 | |
| 7. | हीरापुर स्कूल परिसर | 540 | |
| 8. | जरवाय क्षेत्र में | 2250 | |
| 9. | मच्छी तालाब गुढ़ियारी | 55 | |
| 10. | करबला तालाब पार | 120 | |
| 11. | खमतराई तालाब पार | 65 | |
| 12. | टाटीबंध स्कूल परिसर | 155 | |
| 13. | सखाराम दुबे स्कूल मार्ग | 25 | |
| 14. | बुढ़ातालाब पार | 45 | |
| 15. | रायपुरा (सरोना) रिक्त भूमि पर | 11779 | |
| 16. | गोंदवारा तालाब पार में | 360 | |
| 17. | ट्री गार्ड के भीतर विभिन्न स्थलों पर | 1000 | |
| | **कुल** | **18489** | **1685520.00** |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| | | **वर्ष 2007-2008** | |
| 1. | सोनडोंगरी | 6000 | |
| 2. | हाई स्कूल अटारी | 800 | |
| 3. | डिपरापारा सरोना | 2700 | |
| 4. | जरवाय | 1500 | |
| 5. | खमतराई स्कूल परिसर | 300 | |
| 6. | सप्रे शाला | 80 | |
| 7. | लालपुर खेल मैदान | 100 | |
| 8. | मठपुरैना शाला | 160 | |
| 9. | उद्यानों में | 240 | |
| 10. | सोनडोंगरी स्कूल | 200 | |
| 11. | पू. मा. शाला टाटीबंध | 200 | |
| 12. | रायपुर-सरोना मार्ग | 250 | |
| 13. | गोंदवारा मार्ग नहर किनारे | 500 | |
| 14. | गुढ़ियारी कोटा मार्ग | 200 | |
| 15. | शंकरनगर | 115 | |
| 16. | स्कूलों में | 150 | |
| 17. | कांशीराम नगर | 150 | |
| 18. | सामुदायिक भवन पी. डब्ल्यू. डी. कालोनी | 220 | |
| 19. | कोटा | 165 | |
| 20. | दलदल सिवनी, सड्डू, दुबे कालोनी | 1800 | |
| 21. | अग्रोहा गृह निर्माण सोसायटी रायपुरा | 1300 | |
| 22. | अटारी में शासकीय भूमि पर | 2885 | |
| 23. | हीरापुर स्कूल | 392 | |
| 24. | विभिन्न कालोनियों, श्मशान घाट, सड़क किनारे | 3635 | |
| 25. | बड़े पौधों द्वारा वृक्षारोपण | 545 | |
| | **कुल** | **24587** | **2298634.00** |

परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 26) के भाग (ख) की जानकारी ]

| क्र. | विकासखण्ड का नाम | स्वास्थ्य संस्था का नाम | स्वीकृत पद का नाम | स्वीकृत पद संख्या | कार्यरत पद संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | नवागढ़ | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नवागढ़ | चिकित्सा अधिकारी | 2 | 2 |
| | | | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 1 | 1 |
| | | | लैब टेक्नीशियन | 1 | 1 |
| | | | ड्रेसर | 1 | 1 |
| | | | नेत्र सहायक अधिकारी | 1 | 1 |
| | | | स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) | 1 | 0 |
| | | | स्वीपर | 1 | 1 |
| | | | आया | 1 | 1 |
| | | | भृत्य/वार्ड ब्वाय | 1 | 1 |
| | | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, केरा | चिकित्सा अधिकारी | 2 | 1 |
| | | | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 1 | 1 |
| | | | ड्रेसर | 1 | 1 |
| | | | स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) | 1 | 0 |
| | | | आया/वार्ड ब्वाय | 1 | 1 |
| | | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सलखन | चिकित्सा अधिकारी | 2 | 0 |
| | | | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 1 | 1 |
| | | | लैब टेक्नीशियन | 1 | 0 |
| | | | ड्रेसर | 1 | 1 |
| | | | नेत्र सहायक अधिकारी | 1 | 1 |
| | | | स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) | 1 | 0 |
| | | | स्वीपर | 1 | 0 |
| | | | आया | 1 | 1 |
| | | | भृत्य/वार्ड ब्वाय | 1 | 1 |
| 2. | पामगढ़ | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खरौद | खण्ड चिकित्सा अधिकारी | 1 | 0 |
| | | | मेडिसीन विशेषज्ञ | 1 | 0 |
| | | | सर्जरी विशेषज्ञ | 1 | 0 |
| | | | स्त्री रोग विशेषज्ञ | 1 | 0 |
| | | | शिशु रोग विशेषज्ञ | 1 | 1 |
| | | | पीजीएमओ निश्चेतना | 1 | 0 |
| | | | चिकित्सा अधिकारी | 2 | 2 |
| | | | नर्सिंग सिस्टर | 1 | 0 |
| | | | बी. ईटी. ओ. | 1 | 0 |
| | | | लेखापाल/सहा. ग्रेड-2 | 1 | 1 |
| | | | संगणक | 1 | 0 |
| | | | सहा. ग्रेड-3 | 1 | 1 |
| | | | स्टॉफ नर्स | 3 | 3 |
| | | | लैब टेक्नीशियन | 1 | 0 |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| | पामगढ़ | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, खरौद | नेत्र सहायक अधिकारी | 1 | 0 |
| | | | एल. एच. व्ही. | 2 | 2 |
| | | | एम. पी. डब्ल्यू (महिला) | 1 | 0 |
| | | | पर्यवेक्षक (पुरुष) | 1 | 0 |
| | | | एन. एम. एस. | 1 | 1 |
| | | | एम. पी. डब्ल्यू (पुरुष) | 1 | 0 |
| | | | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 2 | 2 |
| | | | रेडियोग्राफर | 1 | 0 |
| | | | ड्रेसर ग्रेड-1 | 1 | 1 |
| | | | ड्रेसर ग्रेड-2 | 1 | 1 |
| | | | वाहन चालक | 2 | 2 |
| | | | वार्ड ब्वाय | 2 | 2 |
| | | | चतुर्थ श्रेणी | 2 | 2 |
| | | | धोबी | 1 | 1 |
| | | | ओ. टी. ए. | 1 | 1 |
| | | | चौकीदार | 1 | 1 |
| | | | आया | 1 | 1 |
| | | | स्वीपर | 1 | 1 |
| | | | वाटरमेन | 0 | 1 |
| | | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बारगांव | चिकित्सा अधिकारी | 2 | 0 |
| | | | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 1 | 1 |
| | | | ड्रेसर | 1 | 1 |
| | | | स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) | 1 | 1 |
| | | | आया/वार्ड ब्वाय | 1 | 1 |
| | | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पामगढ़ | चिकित्सा अधिकारी | 2 | 2 |
| | | | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 1 | 1 |
| | | | लैब टेक्नीशियन | 1 | 1 |
| | | | ड्रेसर | 1 | 1 |
| | | | नेत्र सहायक अधिकारी | 1 | 1 |
| | | | स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) | 1 | 1 |
| | | | स्वीपर | 1 | 0 |
| | | | आया | 1 | 1 |
| | | | भृत्य/वार्ड ब्वाय | 1 | 1 |
| 3. | बम्हनीडीह | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बिर्रा | चिकित्सा अधिकारी | 2 | 0 |
| | | | फार्मासिस्ट ग्रेड-2 | 1 | 1 |
| | | | ड्रेसर | 1 | 1 |
| | | | एम. पी. डब्ल्यू (महिला) | 1 | 0 |
| | | | आया/वार्ड ब्वाय | 1 | 1 |

परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 250) के भाग (ख) की जानकारी ]

1. छत्तीसगढ़ विदेशी मदिरा नियम, 1996 के नियम 8 के उप-नियम (1) के खण्ड (ग) के अन्तर्गत प्ररूप एफ. एल. 3 होटल बार लायसेंस के संबंध में प्रावधान है कि "एफ. एल. 3 का अनुज्ञप्तिधारक ऐसे होटल के निवासियों, उनके अतिथियों एवं आगन्तुकों को उनके स्वयं के उपभोग हेतु अनुज्ञप्त परिसर में भोजन अथवा हल्के भोजन के साथ उपभोग हेतु विदेशी मदिरा का विक्रय कर सकेगा. यह अनुज्ञप्ति ऐसे मापदण्ड तथा मानक की आवास तथा भोजन की सुविधायुक्त होटलों को दी जावेगी, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा अवधारित किया जाए". उक्त नियमों के उप-नियम (3) के अन्तर्गत प्ररूप एफ. एल. 3 होटल बार लायसेंस स्वीकृत करने के लिए जिला कलेक्टर सक्षम अधिकारी हैं.

2. एफ. एल. 3 होटल बार लायसेंस स्वीकृति के लिए पूर्ववर्ती म. प्र. राज्य के समय निम्नानुसार मापदण्ड निर्धारित किए गए थे, जो वर्तमान में भी प्रचलित हैं -

(1) होटल के प्रत्येक कमरे का क्षेत्रफल कम से कम 100 वर्गफीट हो एवं संबंधित कमरे केवल होटल के उद्देश्य से ही बनाये/तैयार किये गये हों.
(2) प्रत्येक कमरे में अटैच्ड शौचालय एवं स्नानगृह हो.
(3) होटल में पृथक से बार रूम की व्यवस्था हो.
(4) होटल में अलग से किचिन की व्यवस्था हो,जो होटल के परिसर में ही हो.
(5) होटल में प्रत्येक कमरे में 24 घण्टे शुद्ध जल की प्रदाय व्यवस्था हो.
(6) होटल में यात्रियों के ठहरने वाले कमरों के अतिरिक्त एवं उपयुक्त विश्रान्तिका (Lounge) भी हो.
(7) होटल में उसके स्तर के मान से पर्याप्त स्टाफ कार्यरत हो.

3. छत्तीसगढ़ राज्य में एफ. एल. 2 रेस्टोरेन्ट बार लायसेंस एवं एफ. एल. 3 होटल बार लायसेंस के लिए जनसंख्या का मापदण्ड 25 हजार की जनसंख्या में एक-एक लायसेंस स्वीकृत करने की सीमा निर्धारित है. यदि किसी प्रकरण में उक्त मापदण्ड को शिथिल कर लायसेंस देने पर विचार किया जाता है, तो ऐसे प्रकरणों में संबंधित जिला कलेक्टर की अनुशंसा पर आबकारी आयुक्त के माध्यम से राज्य शासन को प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाता है.

4. वर्ष 2008-09 से स्वीकृत/नवीनीकृत किए जाने वाले एफ. एल. 3 होटल बार लायसेंसों के लिए होटल में न्यूनतम कमरों की संख्या 10 निर्धारित की गई है.

5. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2008-09 के लिए निर्धारित मापदण्डों के अनुसार उन्हीं होटलों को एफ. एल. 3 होटल बार लायसेंस स्वीकृत किए जाने पर विचार किया जावेगा, जो प्रारंभ होने की तिथि से कम से कम 6 माह तक संचालित हो चुका हो.

6. वर्ष 2008-09 में विदेशी मदिरा एफ. एल. 3 होटल बार अनुज्ञप्तिधारियों को रुपये 600/- एक्स फैक्ट्री प्राईस तक की कीमत की विदेशी मदिरा (स्प्रिट) का प्रदाय प्रतिबंधित किया गया है.

7. सामान्य प्रयुक्ति नियमों के नियम 1 (1) (ख) के अन्तर्गत बिना राज्य शासन की स्वीकृति के आपत्तिजनक स्थलों क्रमशः किसी धार्मिक या किसी शैक्षणिक संस्था, किसी अस्पताल, अनुसूचित जातियों के सदस्यों की किसी कालोनी, किसी श्रमिक कालोनी या किसी बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, किसी राष्ट्रीय राजमार्ग, किसी राज्य राजमार्ग अथवा पेट्रोल पम्प से 50 मीटर से कम की दूरी में उक्त लायसेंस नहीं दिया जा सकता है.

8. वर्ष 2008-09 में एफ. एल. 3 होटल बार लायसेंस के लिए लायसेंस फीस निम्नानुसार निर्धारित है :-

| क्र. | मापदण्ड | निर्धारित लायसेंस फीस (रुपये में) |
|---|---|---|
| 1. | ऐसे नगर/स्थान, जिसकी जनसंख्या एक लाख से अधिक न हो | 4,00,000 |
| 2. | ऐसे नगर/स्थान, जिसकी जनसंख्या एक लाख से अधिक किन्तु तीन लाख से अधिक न हो | 6,00,000 |
| 3. | ऐसे नगर/स्थान, जिसकी जनसंख्या तीन लाख से अधिक हो | 8,00,000 |

9. विदेशी मदिरा एफ. एल. 3 होटल बार लायसेंसी को होटल में विदेशी मदिरा की आवश्यकता की पूर्ति के लिए कलेक्टर द्वारा एफ. एल. 3 लायसेंसी के सबसे निकटतम स्थित 3 (तीन) विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों से विदेशी मदिरा क्रय/परिवहन करने हेतु सम्बद्ध किया जाता है.

परिशिष्ट "अ" पृष्ठ 1 से 2 तक

परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 171) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**धमधा विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत नल-जल योजना की जानकारी**

| क्र. | स्वीकृत नल जल योजना का नाम | विकासखण्ड | योजना की स्थिति |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | दारगाँव | धमधा | संचालित |
| 2. | बिरोदा | धमधा | संचालित |
| 3. | देवरी | धमधा | संचालित |
| 4. | बरहापुर | धमधा | संचालित |
| 5. | कपसदा | धमधा | संचालित |
| 6. | लिमतरा | धमधा | संचालित |
| 7. | नंदनी खुंदनी | धमधा | संचालित |
| 8. | लिटिया सेमरिया | धमधा | संचालित |
| 9. | मेड़ेसरा | धमधा | संचालित |
| 10. | कोड़िया | धमधा | संचालित |
| 11. | हरदी माटरा | धमधा | संचालित |
| 12. | देवरझाल | धमधा | संचालित |
| 13. | ठेंगाभाठ | धमधा | संचालित |
| 14. | तरकोरी | धमधा | संचालित |
| 15. | जेवरा | धमधा | संचालित |
| 16. | सिरसा खुर्द | दुर्ग | संचालित |
| 17. | नंनकट्ठी | दुर्ग | संचालित |
| 18. | कांजा भिलाई | दुर्ग | संचालित |
| 19. | नगपुरा | दुर्ग | संचालित |
| 20. | बोड़ेगाँव | दुर्ग | संचालित |
| 21. | खेलीडीह | दुर्ग | संचालित |
| 22. | अंजोरा (ढाबा) | दुर्ग | संचालित |
| 23. | भेड़सर | दुर्ग | संचालित |
| 24. | चिखली | दुर्ग | संचालित |
| 25. | कुटेला भाठा | दुर्ग | संचालित |
| 26. | ढौर | दुर्ग | संचालित |
| 27. | हिर्री | धमधा | निर्माणाधीन |
| 28. | खेरधा | धमधा | निर्माणाधीन |
| 29. | खेदामारा | दुर्ग | निर्माणाधीन |

## परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 14 (क्र. 125) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्र. (1) | संस्था का नाम (2) | भुगतान की गई राशि (3) | पाई गई अनियमिताएं (4) | अनियमितता की राशि (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ओम नव जागृति कला समिति, बिलासपुर. | 1,20,18,300.00 | 1. छायाचित्र के पीछे कार्यक्रम स्थल का नाम व दिनांक नहीं है.<br>2. कार्यक्रम करने का समय नहीं पाया गया.<br>3. कार्यक्रम के सत्यापन के लिये सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण-पत्र नहीं पाया गया. | कार्यवाही पूर्ण होने पर ही बताया जाना संभव होगा. |
| 2. | छत्तीसगढ़ आदर्श कला समिति, धमतरी. | 1,68,12,040.00 | 1. छायाचित्र के पीछे कार्यक्रम स्थल का नाम व दिनांक नहीं है.<br>2. कार्यक्रम करने का समय नहीं पाया गया.<br>3. कार्यक्रम के सत्यापन के लिये सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण-पत्र नहीं पाया गया. | कार्यवाही पूर्ण होने पर ही बताया जाना संभव होगा. |
| 3. | सुमन सौरभ सेवा संस्थान, रायपुर. | 1,25,76,740.00 | 1. छायाचित्र के पीछे कार्यक्रम स्थल का नाम व दिनांक नहीं है.<br>2. कार्यक्रम करने का समय नहीं पाया गया.<br>3. कार्यक्रम के सत्यापन के लिये सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण-पत्र नहीं पाया गया. | कार्यवाही पूर्ण होने पर ही बताया जाना संभव होगा. |

## परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 16 (क्र. 52) के भाग (क) एवं (ग) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**बिल्हा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 2008 में स्थापित हैण्डपंपों की ग्रामवार सूची**

| क्र. | ग्राम का नाम | विकासखण्ड | लोकेशन | खनित नलकूपों की संख्या | स्थापित हैण्डपंपों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | सिर्री | बिल्हा | मा. शा. | 01 | 01 |
| 2. | मुढीपार | बिल्हा | मा. शा. | 01 | 01 |
| 3. | धौराभाठा | बिल्हा | मा. शा. | 01 | 01 |
| 4. | चंद्रखुरी | पथरिया | खास | 01 | 01 |
| 5. | किरना | पथरिया | खास | 01 | 01 |
| 6. | बरतोरी | बिल्हा | हथकेरा रोड | 01 | 01 |
| 7. | पोडी ख | बिल्हा | बस्ती | 01 | 01 |
| 8. | पोडी ह | बिल्हा | खास | 01 | 01 |
| | पोडी ह | बिल्हा | प्रा. शा. | 01 | 01 |
| 9. | रहंगी | बिल्हा | इंदपुरी | 01 | 01 |
| | रहंगी | बिल्हा | बस्ती में | 01 | 01 |
| 10. | नगरौडी | बिल्हा | बस्ती | 01 | 01 |
| 11. | मुरकुटा | बिल्हा | वार्ड क्र. 3 | 01 | 01 |
| 12. | नियनिया | बिल्हा | प्रा. शा. | 01 | 01 |
| 13. | पेण्ड्री ड | बिल्हा | प्रा. शा. | 01 | 01 |
| 14. | हरदीकला | बिल्हा | बस्ती में | 01 | 01 |
| 15. | तिफरा | बिल्हा | कुदरापारा | 01 | 01 |
| 16. | सिरगिट्टी | बिल्हा | योजना में | 04 | 04 |
| 17. | चकरभाठा | बिल्हा | खास | 01 | 01 |
| 18. | बेल्टुकरी | बिल्हा | मुख्य बस्ती | 01 | 01 |
| 19. | कोहरौदा | बिल्हा | वार्ड 6 | 01 | 01 |
| 20. | सैदा | तखतपुर | वार्ड 16 | 01 | 01 |
| | | | | **25** | **25** |

प्रपत्र "ब"

माननीय विधायक महोदय बिल्हा द्वारा नलकूप खनन हेतु प्रस्तावित किये गये ग्रामों की सूची

| क्र. | माननीय विधायक महोदय का नाम | ग्राम का नाम | विकासखण्ड | लोकेशन | नलकूप संख्या | स्वीकृत धन राशि (रु. लाख में) | कार्य की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | माननीय श्री सियाराम कौशिक विधायक-बिल्हा | तेलसरा | बिल्हा | जय स्तंभ चौक | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 2. | | चकरभाठा | बिल्हा | मुख्य बस्ती | 1 | 0.40 | पूर्ण |
| 3. | | खपराखोल | बिल्हा | बीच पारा | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 4. | | नगरौही | बिल्हा | आवासपारा | 1 | 0.40 | पूर्ण |
| 5. | | सारधा | बिल्हा | श्मशानघाट के पास | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 6. | | खम्हारडीह | बिल्हा | वार्ड 2 | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 7. | | पासीद | बिल्हा | वार्ड 1 | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 8. | | मंगला प | बिल्हा | आवासपारा | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 9. | | बेलटुकरी | बिल्हा | ठाकुर देव महामाया पास | 1 | 0.40 | पूर्ण |
| 10. | | उमरिया | बिल्हा | डबरी तालाब के पास | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 11. | | खपरी | बिल्हा | स्कूल के पास | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 12. | | कोहरौदा | बिल्हा | वार्ड 6 | 1 | 0.40 | पूर्ण |
| 13. | | रहंगी | बिल्हा | आवासपारा | 1 | 0.40 | पूर्ण |
| 14. | | सेंवार | बिल्हा | यादव पारा | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 15. | | सैदा | तखतपुर | वार्ड 1, 16, 17 | 1 | 0.40 | पूर्ण वार्ड 16 |
| 16. | | उसलापुर | तखतपुर | वार्ड 15 | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 17. | | हांफा | तखतपुर | सड़कपारा | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 18. | | मेडपार छोटा | तखतपुर | आवासपारा | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 19. | | धुमा | पथरिया | वेद प्रकाश पाण्डेय घर पास. | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 20. | | बारगांव | पथरिया | मानिकपुरी के घर पास | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 21. | | देवाकार | पथरिया | वार्ड क्र. 5 | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 22. | | पत्थरखान | बिल्हा | डबरीपारा | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 23. | | चंदली | पथरिया | दाउसिंग घर पास | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 24. | | सरगांव | पथरिया | बरमदेव मंदिर पास | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |
| 25. | | रामबोड | पथरिया | विनोद शर्मा के घर पास | 1 | 0.40 | कार्य आवंटित |

## परिशिष्ट "नौ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्र. 61) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

| क्रमांक (1) | जिले का नाम (2) | मलेरिया (3) | आंत्रशोथ (4) | पीलिया (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बिलासपुर | 0 | 19 | 5 |
| 2. | दुर्ग | 0 | 12 | 0 |
| 3. | दंतेवाड़ा | 0 | 0 | 0 |
| 4. | रायगढ़ | 0 | 20 | 0 |
| 5. | जशपुर | 0 | 0 | 0 |
| 6. | सरगुजा | 0 | 9 | 0 |
| 7. | कबीरधाम | 0 | 35 | 0 |
| 8. | कोरबा | 0 | 3 | 0 |
| 9. | जांजगीर-चांपा | 0 | 8 | 0 |
| 10. | राजनांदगांव | 0 | 0 | 0 |
| 11. | धमतरी | 0 | 6 | 0 |
| 12. | रायपुर | 0 | 4 | 0 |
| 13. | जगदलपुर | 0 | 19 | 0 |
| 14. | कोरिया | 0 | 0 | 0 |
| 15. | महासमुंद | 0 | 9 | 0 |
| 16. | कांकेर | 0 | 0 | 0 |
| | **योग** | **0** | **144** | **5** |

प्रपत्र "ब"

| क्रमांक (1) | जिले का नाम (2) | मलेरिया परीक्षण हेतु ली गई रक्त पट्टिकाएं (3) | मलेरिया पाजेटिव पाये गये (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | बिलासपुर | 267013 | 3342 |
| 2. | दुर्ग | 520167 | 1925 |
| 3. | दंतेवाड़ा | 282459 | 55531 |
| 4. | रायगढ़ | 193168 | 9777 |
| 5. | जशपुर | 142831 | 14616 |
| 6. | सरगुजा | 407087 | 17599 |
| 7. | कवीरधाम | 107133 | 1842 |
| 8. | कोरबा | 172219 | 11533 |
| 9. | जांजगीर-चांपा | 266231 | 662 |
| 10. | राजनांदगांव | 256226 | 3631 |
| 11. | धमतरी | 181653 | 823 |
| 12. | रायपुर | 503206 | 1842 |
| 13. | जगदलपुर | 381481 | 45296 |
| 14. | कोरिया | 109809 | 8972 |
| 15. | महासमुंद | 225619 | 732 |
| 16. | कांकेर | 332576 | 17967 |
| | योग | **4348878** | **196090** |